# 11 हजार करोड़ के साथ अलीगढ़ बनेगा नया निवेश हब

## ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 5.0 के लिए प्रशासन ने कसी कमर, तैयारियां पूरी

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में अलीगढ़ अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 5.0 के मद्देनजर जिला प्रशासन ने 11,000 करोड़ रुपये के निवेश को धरातल पर उतारने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

आवास विभाग ने सबसे बड़ी प्रगति दर्ज करते हुए 15 निवेश प्रस्तावों के माध्यम से 1,423 करोड़ रुपये का निवेश तैयार किया गया है।

एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग ने 20 निवेश प्रस्तावों के साथ लगभग 398 करोड़ रुपये के निवेश को अंतिम चरण में पहुंचा दिया है। पर्यटन, बागवानी, ऊर्जा और औद्योगिक विकास विभागों में भी बड़े निवेश प्रस्तावों पर तेजी से कार्य जारी है।

सोमवार को जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक में निर्देश दिए कि निवेश प्रस्तावों को फाइलों से निकालकर जमीन पर लाने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय और त्वरित स्वीकृति सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी संजीव रंजन ने अधिकारियों को हिदायत दी कि निवेशकों को सिंगल विंडो सहयोग मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि अलीगढ़ को निवेश के अनुकूल जिला बनाया जा रहा है। भूमि उपलब्धता, विभागीय एनओसी और दस्तावेजी औपचारिकताओं को सरल व पारदर्शी बनाया जाए ताकि निवेशकों को किसी भी टेबल पर रुकना न पड़े।

संयुक्त आयुक्त उद्योग वीरेंद्र कुमार ने बताया कि इन परियोजनाओं के धरातल पर उतरने से न केवल स्थानीय उद्योगों को मजबूती मिलेगी, बल्कि जिले में हजारों नए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। प्रशासन का लक्ष्य अलीगढ़ को प्रदेश के अग्रणी निवेश जिलों की श्रेणी में सबसे ऊपर लाना है। ब्यूरो

## तालानगरी में कराया जाएगा 132 केवी विद्युत उपकेंद्र का निर्माण

**अलीगढ़।** जिला उद्योग बंधु की सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इसमें मुख्य फोकस औद्योगिक क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण, निवेश प्रोत्साहन और उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित समाधान पर रहा। बैठक में तालानगरी औद्योगिक क्षेत्र में 132 केवी विद्युत उपकेंद्र की स्थापना के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया।

डीएम संजीव रंजन ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण, मजबूत आधारभूत ढांचा और निवेश-अनुकूल वातावरण तैयार करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उद्यमियों द्वारा बार-बार होने वाली विद्युत ट्रिपिंग की शिकायत पर जिलाधिकारी ने प्रत्येक औद्योगिक इकाई में सर्किट ब्रेकर अनिवार्य किया है। विद्युत अधिकारियों को मोबाइल कॉल हर हाल में अटेंड करने के सख्त निर्देश दिए।

यातायात व्यवस्था सुधार के लिए तालानगरी चौराहे पर होमगार्ड की संख्या बढ़ाने और स्पीड लिमिट बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए। निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित 170 आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया।

रामघाट रोड चौड़ीकरण में ग्रीन बेल्ट के पेड़ सुरक्षित रखने तथा नवीन औद्योगिक आस्थान ख्यमाई में शीघ्र विद्युत लाइन विकसित करने के आदेश दिए गए। ब्यूरो